दीपोर बील में पक्षी प्रजातियों की गणना

हाल ही में असम वन विभाग के गुवाहाटी वन्यजीव प्रभाग ने **दीपोर बील वेटलैंड** में फरवरी 2022 के बाद दूसरी, पक्षी प्रजातियों की गणना आयोजित की, यह असम में एकमात्र रामसर साइट है।

- **दीपोर बील आर्द्रभूमि** में पक्षियों की गणना में कुल मिलाकर 96 प्रजातियों के 26,747 पक्षी दर्ज किये गए। वर्ष 2022 में 66 प्रजातियों में 10,289 पक्षी दर्ज किये गए थे।
- पक्षियों की संख्या से **प्रजातियों की विविधता और प्रजातियों की कुल संख्या में वृद्धि का पता चलता है**।

दीपोर बील:

- **परिचय:**
  - यह असम में मीठे पानी की सबसे बड़ी झीलों में से एक है और बर्ड लाइफ इंटरनेशनल द्वारा घोषित एक महत्तवपूर्ण पक्षी क्षेत्र है।
  - दीपोर बील को नवंबर 2002 में रामसर साइट के रूप में नामित किया गया है
  - यह गुवाहाटी शहर, असम के दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित है तथा ब्रह्मपुत्र नदी का पूर्ववर्ती जल चैनल है।
  - यह झील गर्मियों में 30 वर्ग किमी. तक फैल जाती है और सर्दियों में लगभग 10 वर्ग किमी. तक कम हो जाती है।
  - असम वन विभाग दीपोर बील नामक उच्च आर्द्रभूमि के मध्य भाग में 4.1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले दीपोर बील वन्यजीव अभयारण्य का प्रबंधन करता है।
- **महत्त्व:**
  - यह **जलीय वनस्पतियों एवं पक्षियों के लिये एक अद्वितीय निवास स्थान है।**
  - गुवाहाटी शहर के लिये एकमात्र महत्त्वपूर्ण स्टॉर्म-वाटर भंडारण बेसिन होने के अलावा यह जैविक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है।
  - यह कई स्थानीय परिवारों के लिये आजीविका का साधन है।
    - वर्ष 2021 में असम के मछुआरा समुदाय की छह युवा लड़कियों ने एक बायोडिग्रेडेबल और कम्पोस्टेबल योगा मैट विकसित किया है जिसे 'मूरन योगा मैट' कहा जाता है।
  - **हाथियों का झुंड कभी-कभी रानी आरक्षित वन से दीपोर बील तक आर्द्रभूमि में चरने** के लिये आता हैं।
- **चिंताएँ:**
  - दीपोर बील भी पश्चिम बोरागाँव में अपशिष्ट के ढेर के कारण दूषित हो गया है।
  - इसका जल विषाक्त हो गया है और हाथियों द्वारा खाए जाने वाले कई जलीय पौधे विलुप्त हो गए हैं।
  - इसके दक्षिणी रिम पर रेलवे ट्रैक के आकार में वृद्धि और विद्युतीकृत किया जाना है, कूड़े का ढेर, आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्तियों के इस क्षेत्र में अतिक्रमण ने दशकों से इसके लिये खतरा पैदा किया है।

असम में अन्य संरक्षित क्षेत्र:

- असम में 7 राष्ट्रीय उद्यान और 17 वन्यजीव अभयारण्य हैं।

//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2013)

राष्ट्रीय उद्यान	**पार्क से बहने वाली नदी**
1. कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान	गंगा
2. काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान	मानस
3. साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान	कावेरी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- **जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान:** गंगा नदी की एक सहायक नदी रामगंगा पार्क के लिये पानी का प्राथमिक स्रोत है। रामगंगा की सहायक नदियाँ- खोह, कोल्हू और मंडल हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान:** यह विश्व के एक सींग वाले गैंडों के लगभग दो-तिहाई की मेज़बानी करने वाला एक पार्क है और ब्रह्मपुत्र नदी से घिरा है। ब्रह्मपुत्र इसकी उत्तरी एवं पूर्वी सीमा बनाती है, जबकि मोरा डिफ्लू दक्षिणी सीमा बनाती है। पार्क के भीतर अन्य उल्लेखनीय नदियाँ डिफ्लू, मोरा तथा धनसिरी हैं। अत: **युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**

- **साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान:** केरल में स्थति इस पार्क का पूरा क्षेत्र कुंतीपुझा नदी के उत्तर से दक्षणि की ओर है। यह नीलगिरि बायोस्फीयर रज़िर्व का हस्सिा है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलति नहीं है।**

अत: वकिल्प (d) सही है।

स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bird-species-count-in-deepor-beel